Regarding need to lift ban on export of Biochar- laid

श्री दामोदर अग्रवाल (भीलवाड़ा) **:** मैं बायोचार अथार्त जैव चारकोल के निर्यात पर लगे प्रतिबन्ध से संबंधित विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ, वर्तमान में इस बायोचार का उपयोग मृदा कंडीशनर हेतु आधुनिक कृषि और बागवानी में एक सुरक्षित और टिकाऊ मृदा संशोधन के रूप में लोकप्रिय है। बायोचार के बहुत से पर्यावरणीय लाभ भी है जिसकी वजह से यह नाइट्रोजन उर्वरकों की आवश्यकता को कम कर सकता है और कार्बन उत्सर्जन को भी कम करता है तथा इसे पानी को शुद्ध करने के लिए भी उपयोग किया जा सकता है । बायोचार सर्कुलर अर्थव्यवस्था का निर्माण करते हुए कृषि अपशिष्ट, जोकि किसानों द्वारा या तो फेंक दिया जाता है या फिर जला दिया जाता है, को उच्च मूल्य उत्पाद में परिवर्तित करके ग्रामीण क्षेत्र में पर्यावरण और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का कार्य भी करता है । वैश्विक स्तर पर बायोचार का व्यापर लगभग 10 बिलियन डॉलर की कार्बन निष्कासन इंडस्ट्री के रूप में विकसित हो चुका है । अतः सरकार से मेरी मांग है कि वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए भारत को भी वैश्विक बाज़ार की बायोचार अनुकूल परिस्थितिथियों का आर्थिक लाभ लेने के लिए बायोचार अथार्त जैव चारकोल के निर्यात पर लगे प्रतिबन्ध को हटाने के दिशा-निर्देश देने की कृपा करें ।